# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आगरा–प्रयागराज सहित देश के दस राज्यों में बनेंगे बारह औद्योगिक गलियारे। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुयी केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रस्तावों को मिली मंजूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में सात सौ पांच करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। पांच हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र।
- प्रदेश सरकार की नीतियों को प्रोत्साहित करने वाले मीडिया इन्फ्यूएंसर्स को भी सरकार देगी विज्ञापन। डिजिटल मीडिया नीति–दो हजार चौबीस को लेकर शासनादेश जारी।
- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार चौबीस के लिये प्रतापगढ़ के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य और मिर्जापुर के रविकांत द्विवेदी चयनित। पांच सितम्बर को नई दिल्ली में मिलेगा पुरस्कार।

**********

विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज में नया औद्योगिक गलियारा बनाया जाएगा। इसके अलावा उत्तराखंड और पंजाब समेत नौ अन्य राज्यों में भी 12 नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक गलियारे बनेंगे। ये गलियारे देश के छह बड़े औद्योगिक कॉरिडोर के आसपास विकसित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुमानित निवेश 28 हजार छह सौ दो करोड़ रुपये होगा। उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से दस लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख तक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा–पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल और कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर–पाली में बनाए जाएंगे। इन सभी शहरों को ग्लोबल पैरामीटर्स पर तैयार किया जाएगा। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफएम चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अलीगढ़ में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार और ऋण मेले के अंतर्गत पांच हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, पंद्रह सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित करने के साथ ही 705 करोड़ की 305 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता। इसके लिए सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद बिना भेदभाव डबल इंजन सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने का काम किया है।

***2017 के बाद आज अलीगढ़ का नौजवान भी सरकारी नौकरी प्राप्त करता है कोई भेदभाव नहीं होता। व्यावसायिक शिक्षा विभाग आज आपको वर्ल्ड क्लास आईटीआई और स्किल डेवलपमेंट के सेंटर देगा रहा है। टेबलेट और स्मार्ट फोन दो करोड़ नौजवानों को दे रहे है यह उत्तर प्रदेश के विकास और प्रतिभा का आधार बनेगा तो यही विकसित उत्तर प्रदेश जब हम 2017 में आए थे देश की छठी सातवीं अर्थव्यवस्था की थी आज नंबर दो की अर्थव्यवस्था है और बहुत शीघ्र अगले तीन चार वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के नंबर एक की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए बड़े लक्ष्य पर काम करना है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर शहर का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री योगी राजकीय इंटर कॉलेज मैदान चुन्नीगंज में 725 करोड़ की 332 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। साथ ही एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, टैबलेट और मोबाइल फोन वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को कानुपर जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**********

मंकी पाक्स से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एडवाइजरी जारी होने के बाद यूपी का स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट मोड पर आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने मंकी पाक्स से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना के लिए हेल्पलाइन नंबर – एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य पांच एक चार पांच जारी किया है।

श्री पाठक ने बताया कि सभी जिलों के एंट्री प्वाइंट्स पर मरीजों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य संगठन ने मंकी पॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। प्रदेश में संदिग्ध रोगियों की पहचान, सैंपल कलेक्शन तथा उपचार के निर्देश दिए गए हैं।

**********

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल ग्रेटर नोएडा में 10वीं अंतर्राष्ट्रीय औषधि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत का औषधि क्षेत्र वर्ष 2030 तक 130 अरब डॉलर का उद्योग बन जाएगा, जो

वर्तमान में लगभग 55 अरब डॉलर है। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत दवाओं की मात्रा के मामले में तीसरे सबसे बड़े उद्योग के साथ दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत तीन हजार से अधिक फार्मा कंपनियों का घर है और उसके पास साढ़े 10 हजार से अधिक निर्माताओं का एक सशक्त तंत्र है।

**********

राज्य सरकार अब प्रदेश के यूट्यूबर्स और रील बना कर सरकार की नीतियों को प्रोत्साहित व प्रचार करने वालों को विज्ञापन देगी। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कंटेंट प्रदेश की ख्याति प्राप्त गैर सूचीबद्ध प्रतिष्ठित डिजिटल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को उनके सब्स्क्राइबर व फॉलोअर्स के आधार पर अधिकतम धनराशि का विज्ञापन दिया जाएगा। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने कल उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति–2024 को जारी किया। इसके अन्तर्गत बीस हजार रूपये से लेकर प्रतिमाह आठ लाख रूपये तक के विज्ञापन का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक, जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए यह व्यवस्था की गई है। उपलब्धियों की जानकारी और उससे होने वाले लाभ को जनता तक डिजिटल मीडिया और इसी प्रकार के अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

डिजिटल मीडिया नीति में यह भी प्रावधान किया गया है कि अगर कोई सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी, असामाजिक या अपमानजनक पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोई भी कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट व रील राष्ट्र विरोधी होने, समाज विरोधी होने या अभद्र होने के साथ ही समाज के विभिन्न तबकों की भावना को ठेस पहुंचाने वाले के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूचना निदेशक अधिकृत होंगे।

**********

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए प्रदेश के दो होनहार शिक्षकों का चयन हो गया है। प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य और मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में पांच सितंबर को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50–50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल और प्रमाण–पत्र दिया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित प्रतापगढ़ के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य परिषदीय बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए इस तरह से पढ़ाते हैं कि उन्हें आसानी से समझ में आ सके। श्री मौर्य ने 2022 में ऑनलाइन एक ग्रुप बनाकर पूरे जिले के बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा के लिए प्रेरित किया था। इसमें 785 चयनित बच्चों को 03.76 करोड़ की छात्रवृत्ति मिल रही है। इसी तरह, मिर्जापुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया गणित का बगीचा काफी चर्चित है।

**********

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कल लखनऊ में बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार–2024 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ये पुरस्कार 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में दिए जाएंगे। इस वर्ष 12 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्तियों को अपने आवेदन समस्त आवश्यक प्रपत्रों सहित जनपद स्तर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कराने होंगे।

**********

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देश के सबसे बड़े फुटबॉल क्लब मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को डे नाइट मैच खेला जाएगा। मैच का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस प्रमोशनल मैच का आयोजन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है।

**********